आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 29.10.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंबाला के वायुसेना स्टेशन से रफाल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ जिले के सीमांत गांव मिलम में आईटीबीपी के जवानों से मुलाकात की। कहा– देश की सीमाओं की रक्षा में जवानों का योगदान अतुलनीय।
- मुख्यमंत्री धामी ने पिथौरागढ़ में सहकारिता मेले का शुभारंभ किया। 85 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।
- युवाओं को साहसिक खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बागेश्वर जिले के बोरगांव में पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण शुरु।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज हरियाणा के अंबाला स्थित वायुसेना स्टेशन से रफाल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। यह उड़ान लगभग 25 मिनट की थी। आज सुबह वायुसेना स्टेशन पहुंचने पर राष्ट्रपति को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अप्रैल 2023 में, भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर, राष्ट्रपति मुर्मू ने असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई–30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी।

मुख्यमंत्री/आईटीबीपी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पिथौरागढ़ जिले के सीमांत गांव मिलम में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस–आई.टी.बी.पी के जवानों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा में जवानों का योगदान अतुलनीय है और उनका अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने सीमांत क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए 'वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोहार क्लब मुनस्यारी में इनडोर स्टेडियम बनाने, ग्राम मिलम में नन्दा देवी मंदिर का सौन्दर्यीकरण करने और ग्राम बिल्जू में सामुदायिक मिलन केन्द्र का निर्माण करने की घोषणा भी की।

प्राचीन गुफा

बागेश्वर जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र धारी–डोबा गांव के पास स्थित एक रहस्यमयी प्राचीन गुफा इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। यह गुफा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बन रही है, बल्कि अपने अद्भुत प्राकृतिक स्वरूप और रहस्यमयी आकृतियों के कारण पर्यटकों को भी आकर्षित कर रही है। गुफा में कई संकरे मार्ग हैं, जो अंदर जाकर बड़े गुंबदाकार हाल में मिलते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीतर बने प्राकृतिक शिवलिंगों से दूध जैसी सफेद धाराएँ निरंतर निकलती प्रतीत होती हैं। ग्रामवासियों के अनुसार, इस गुफा से जुड़ी अनेक लोककथाएँ और किंवदंतियाँ हैं। वहीं कुछ लोग इसे भूगर्भीय घटना मानते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कैल्शियम या चूना पत्थर के जल से प्रतिक्रिया होने पर ऐसी सफेद धाराएँ बन सकती हैं। ग्रामवासियों ने शासन–प्रशासन से इस गुफा के संरक्षण की मांग की है। उनका कहना है कि अगर सरकार ध्यान दे, तो यह जगह बागेश्वर की पहचान बन सकती है। साथ ही युवाओं को रोज़गार के अवसर भी मिलेंगे।

उत्तराखंड झांकी

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के एकता नगर में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के सम्मुख आगामी 31 अक्टूबर को होने वाली परेड में उत्तराखंड राज्य की झांकी 'अष्ट तत्त्व और एकत्व' प्रदर्शित की जाएगी। इस झांकी के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड के अध्यात्मिक और प्राकृतिक वैभव के साथ ही संस्कृति और प्रगति के विभिन्न आयामों को उजागर किया जाएगा। एकता दिवस के इस मुख्य समारोह में आयोजित परेड के दौरान राज्य के लोक कलाकारों का दल उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। सूचना विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति द्वारा कई दौर के विचार—विमर्श और परीक्षण के बाद देश के चुनिंदा आठ राज्यों के साथ ही उत्तराखंड की झांकी का अंतिम रूप से चयन किया गया।

मुख्यमंत्री / सहकारिता मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पिथौरागढ़ में आयोजित सहकारिता मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले की 85 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता मेले के माध्यम से स्थानीय काश्तकारों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए एक उचित बाजार उपलब्ध होता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के जरिए प्रदेश सरकार, राज्य के दूर—दराज के काश्तकारों को स्वरोजगार से जोड़ रही है।

पैराग्लाइडिंग बागेश्वर

बागेश्वर जिले के बोरगांव में आज पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षक जगदीश जोशी के नेतृत्व में संचालित हो रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अल्मोड़ा जिले के 20 युवक—युवतियां भाग ले रहे हैं। श्री जोशी ने बताया कि प्रतिभागियों को पैराग्लाइडिंग की तकनीकी बारीकियां, उड़ान के दौरान संतुलन बनाए रखने के तरीके, मौसम की पहचान, सुरक्षा उपाय और आपातकालीन प्रबंधन से जुड़ी जानकारी दी जा रही है।

पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण ले रहे अरमान चौधरी और वैशाली बगड़वाल ने बताया यह अनुभव उनके लिए यादगार है और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित कर रहा है।

पर्वतीय क्षेत्र में पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू हुई यह पहल युवाओं को साहसिक खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है।

मानक मंथन

भारतीय मानक ब्यूरो— बीआईएस, देहरादून शाखा कार्यालय की ओर से आज देहरादून में "मानक मंथन" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रम विभाग के अतिरिक्त आयुक्त अनिल पेटवाल ने कहा कि कारखानों में सुरक्षा सुनिश्चित करने में मानकीकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी उद्योगों और उपभोक्ताओं से बीआईएस प्रमाणित उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया, ताकि कार्यस्थलों पर सुरक्षा और गुणवत्ता की संस्कृति को सुदृढ़ किया जा सके। बीआईएस के निदेशक व प्रमुख सौरभ तिवारी ने "मानक मंथन" की अवधारणा, औद्योगिक सुरक्षा उपकरणों की गुणवत्ता में सुधार और मानकों के अद्यतन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। इस दौरान विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों ने औद्योगिक सुरक्षा हेलमेट से संबंधित भारतीय मानकों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक व्यावहारिक, उपयोगी व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए जाने का सुझाव दिया।